सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

#CRACKDOWN

चोरी/छिनैती की घटना को कारित करने वाले 01 अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ में एवं 01 सर्राफ को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से 01 तमन्चा, 02 खोखा कारतूस, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मोबाइल (ओप्पो कम्पनी), 01 पल्सर मोटर साइकिल काले रंग की बिना नम्बर प्लेट (घटनाओ को कारित करने में प्रयुक्त), 19,700/- रूपये (छिनैती से अर्जित किये गये), 02 सोने के कुण्डल किये गये बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई इटावा के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सैफई पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही ।

घटना /गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम, चोरी/छिनैती की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 16/17.03.2025 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना सैफई पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत सहसारपुर पुलिया पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान नगला बरी की ओर से 01 मोटर साइकिल आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो मोटर साइकिल सवार 02 व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा जरिये दूरभाष द्वितीय मोबाइल को नगला बरी की ओर से आने को कहा गया। मोटर साइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा स्वयं को दोनों ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख मोटर साइकिल को नगला चैन सुख की ओर मोड़ दिया जिससे मोटर साइकिल गिर गयी और उनके द्वारा पुलिस टीम पर 02 फायर किये गये जिसकी 01 गोली सरकारी गाड़ी के बांये टायर में लगी जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी तो **01 गोली अभियुक्त डिम्पल के बांये पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में नगला चैन सुख जाने वाले रास्ते के पास से समय 03.17 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया।**

नोटः- 01 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्त के कब्जे से 01 तमन्चा, 02 खोखा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मोटर साइकिल पल्सर काले रंग की बिना नम्बर प्लेट, 01 मोबाइल ओप्पो कम्पनी एवं 19,700/- रूपये नकद बरामद किये गये एवं पूछताछ करने पर निम्न घटनाओं को कारित करना स्वीकार किया गया।

1- **दिनांक 08.01.2025 को थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत हवाई पट्टी के पास से 01 महिला का पर्श चोरी कर लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना सैफई पर मु0अ0सं0 02/2025 धारा 352/303(2) बीएनएस पंजीकृत है।**

2- **दिनांक 20.02.2025 को थाना जसवन्तनगर क्षेत्रान्तर्गत नगला विधि के पास से 01 महिला के गले से सोने की चैन को छीन लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर मु0अ0सं0 43/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकत है।**

3- दिनांक 12.03.2025 को थाना सैफई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गींजा के पास से 01 महिला के हाथ से पर्श छीन लिया था जिसके सम्बन्ध में थाना सैफई पर मु0अ0सं0 50/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीकृत है।

अभियुक्त डिम्पल यादव से कड़ाई से पूछताछ करने के आधार पर सर्राफ सुमित कुमार वर्मा का नाम प्रकाश में आया जिसे पुलिस टीम द्वारा मोहनपुरा तिराहे के पास से समय 12.15 बजे गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से 01 जोड़ी सोने के कुण्डल (सम्बन्धित मु0अ0सं0 50/2025 थाना सैफई) बरामद किये गये।

उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना सैफई पर **मु0अ0सं0 54/2025 धारा 109(1)/61(2)/304(2)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।**

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. डिम्पल यादव पुत्र धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम शाहजहाँपुर थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र 23 वर्ष।**
2. सुमित कुमार वर्मा पुत्र मनोहर लाल निवासी कटरा पुखता थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र 40 वर्ष। (सर्राफ)**

बरामदगीः-

1. 01 तमन्चा 315 बोर
2. 02 खोखा कारतूस 315 बोर
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर
4. 01 पल्सर मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट
5. 01 मोबाइल ओप्पो कम्पनी
6. 2500/- रूपये **(सम्बन्धित मु0अ0सं0 50/2025 थाना सैफई)**
7. 17,200/- रूपये **(सम्बन्धित मु0अ0सं0 43/2025 थाना जसवन्तनगर)**
8. 02 सोने के कुण्डल **(सम्बन्धित मु0अ0सं0 50/2025 थाना सैफई)**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 54/2025 धारा 109(1)/61(2)/304(2)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त डिम्पल यादव

1. मु0अ0सं0 02/2025 धारा 352/303(2)/317(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा
2. मु0अ0सं0 43/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा
3. मु0अ0सं0 50/2025 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सैफई जनपद इटावा
4. मु0अ0सं0 54/2025 धारा 109(1)/61(2)/304(2)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना सैफई जनपद इटावा

पुलिस टीमः- प्रथम टीमः- उ0नि0 श्री समित चौधरी प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री राकेश कुमार शर्मा प्रभारी थाना सैफई, निरी0 अपराध श्री तेज सिंह, उ0नि0 नूर मोहम्मद, उ0नि0 विवेक. का0 हरनाम सिंह, का0 हिमांशू कुमार, का0 पुष्पेन्द्र यादव, का0 अनुराग, का0 सन्दीप चौधरी, का0 चालक हिमांशू।